रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2882] नई दिल्ली, शुक्रवार, अगस्त 30, 2019/भाद्र 8, 1941
No. 2882] NEW DELHI, FRIDAY, AUGUST 30, 2019/BHADRA 8, 1941

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 29 अगस्त, 2019

का.आ. 3149(अ).—प्रारुप अधिसूचना भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1875 (अ), तारीख 10 मई, 2018 द्वारा भारत के राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित की गई थी जिसमें उन सभी व्यक्तियों से, जिनको उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उक्त अधिसूचना की राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थी, साठ दिन की अवधि के भीतर, आपत्ति और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और, उक्त प्रारूप अधिसूचना की राजपत्र की प्रतियां जनता को 11 मई, 2018 को उपलब्ध करा दी गई थीं;

और, उक्त प्रारुप अधिसूचना के प्रत्युत्तर में व्यक्तियों और पणधारियों से प्राप्त आक्षेपों और सुझावों पर विचार किया गया था;

और, बदरामा वन्यजीव अभयारण्य का क्षेत्रफल 304.63 वर्ग किलोमीटर है यह भौगोलिक निर्देशांक 21° 20' से 21° 40' उ अक्षांश और 84° 10' से 84° 30' पू देशांतर के बीच संबलपुर और देवगढ़ जिलों में स्थित है; खलासुनी वन्यजीव अभयारण्य का क्षेत्रफल 116 वर्ग किलोमीटर है यह संबलपुर जिले में भौगोलिक निर्देशांक 21° 15' से 21° 25' उ अक्षांश और 84° 15' से 84° 35' पू देशांतर के बीच स्थित है और ये दोनों उड़ीसा में वन्यजीवों के स्व-स्थाने संरक्षण के महत्वपूर्ण स्थल हैं;

और, बदरामा वन्यजीव अभयारण्य और खलासुनी वन्यजीव अभयारण्य भौगोलिक दृष्टि से 37 किलोमीटर की साझा सीमा से जुड़े है, विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों और जीवजन्तुओं के लिए प्राकृतिक वास के रूप में कार्य करते हैं जिसमें हाथी (*एलीफस मैक्सिमस*), मुंजक (*मंटियाकुस मुंटजैक*), तेंदुआ (*पैंथरा पार्डस*), लकड़बग्घा (*हेयना हेयना*), उल्लू (*एथेने ब्रामा*), रीछ (*मेलुरसुर सिनसस*), पेटीमांकड (*मैकाका मुलाट्टा*), लंगूर (*प्रेसबाइटिसेने टेलस*), जंगली सूअर (*सस स्क्रोफा*), साही (*हिस्ट्रिक्सिंडिका*), खरगोश (*लेपस मिग्रीकोलिस*), पैंगोलिन (*मैनिस क्रिसिपेल्टाटा*), सांभर हिरन (*कर्वस यूनिकलर*), चित्तीदार हिरण (*एक्सिस एक्सिस*), जंगली कुत्ता (*कुओन अल्पाइन*), विशाल गिलहरी (*रुतफा इंडिका*), बिसन (*बोस गौरस*) और माउस हिरन (*ट्रागुलुस मेमिना*) आदि शामिल हैं और इनमें एशियाई हाथियों को बचाने की बड़ी क्षमता है। जबकि अभयारण्य से कुछ सरीसृप प्रजातियां अहिराजा (*ओफ़िओप्टा गुशननह*), अजगर (*पायथन मोलुरस*), बोडा (*बोआ कॉन्स्ट्रिक्टा*), धम्रा (*प्टायसमुसो सुस*) और नाग (*नाज़ा नाज़ा*), *मॉनिटर छिपकली* (वरानुस), अभिलिखित की गई है;

और, यहां भारतीय मूल के कई प्रादेशिक पक्षी वर्ष भर रहते हैं; इन अभयारण्यों में मोर (*पावो क्रिस्टेटस*), जंगली मुर्गी (*रेड*) (*गैलस गैलस*), कबूतर (*स्ट्रेपटोपेलिया डिकैक्टो*), हार्नबिल (*एन्थ्राकोक्रो स्कोटोनैटस*), कठफोड़वा (*पिकोइडेस नैनस*), सुआ (*पेसिटाकुला साईनोसेफला*), तीतर (*पेरडीकुलासियाटिका*), आदि है और लैण्ड मॉनिटर छिपकली (*वारानस बैंगालेंसिस*) और पैंगोलिन (*मैनिस स्पप*) जैसे उभयचरों का प्रजनन अभिलिखित किया गया है;

और, इन अभयारण्यों की वनस्पतियों का प्रतिनिधित्व बैम्बू ब्रेक्स के पैच के साथ साल और उससे संबंधित जैसे आसन (*टर्मिनलियाटो मेंटोसा*), साल (*शोरेया ब्रोस्टा*), कासी (*ब्रिडेलिया रेटुसा*), गम्भर (*गामिनायर बोरिया*) आदि द्वारा किया जाता है; अन्य मुख्य वनस्पति में बीजा (*पर्टोकार्पस मार्सुपियम*), केंडु (*डायोस्पायरस मेलानोक्सिलीन*), आंवला (*एम्बेलिसा ऑफिसिनैलिस*), अर्जुन (*टर्मिनलिया अर्जुना*), बहडा (*टर्मिनलिया बेलेरिका*), भालिया (*सेमीकार्पुसाना कार्डियम*), सिस्सू (*डेलबर्गिया लैटिफोलिया*), बंधन (*ओगेनिओंजे नेनसिस*), कुरुम (*अदिना कॉर्डिफ़ोलिया*), मुंडी (*मित्राग्याना परविफ्लोरा*), सिंधा (*लेगरस्ट्रोइमिया परविफ़ोलिया*), सिमाल (*बोम्बाक्स सेइबा*), करादा (*क्लिस्टेन्थस कोलिनस*), चारा (*बुकानानी अलजान*), सुनारी (*कैसिया फिस्टुला*), माई (*लन्नेकोरो मंडेलिका*), धारु (*एनोगेइस्सु लैटिफोलिया*), धतुकी (*वुडफोर्डिया फ्रूटिकोसा*), गुरुडु (*गार्डेनिया गुम्मीफेरा*), कुरी (*होल्लरहेनैन्डीटी सेंटेरिका*), कुम्भी (*क्लेरोडेन्डरोनि स्कोम*), गुनज (*मिलेटिया औरुरिकलाटा*), सियाली (*बाउहिनिया वाहली*), मदंगा (*लोरैंथलॉन गाइफ्लोरस*), जामू (*सिजियम क्युमिनि*) और खाकडा (*कैसेलियालीप्टिका*) शामिल हैं और घासों में ऊबा (*सिनोडोंडा सिटलॉन*), धन्वंतरि (*सिंबोपोगोन मोर्टिनी*), सबाई (*एउलोपियोसिस बिनाटा*), सलिया बांस (*डेंड्रोकलामस स्ट्रस*) और कांता बाँस (बंबूसा औरइंडिनासी) आदि सम्मिलित हैं;

और, बदरामा-खलासुनी वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैराग्राफ 1 में विनिर्दिष्ट हैं, पारिस्थितिकी और पर्यावरणीय की दृष्टि से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों की श्रेणियों के प्रचालन तथा प्रसंस्करण को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) (जिसे इसमे इसके पश्चात् पर्यावरण अधिनियम कहा गया है) की उपधारा (1) तथा धारा 3 की उपधारा (2) और उपधारा (3) के खंड (v) और खंड (xiv) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उड़ीसा राज्य के देवोगढ़ और समबलपुर जिला में बदरामा खलासुनी वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के 7 किलोमीटर से 11 किलोमीटर तक विस्तारित क्षेत्र को बदरामा खलासुनी वन्यजीव अभयारण्य पारिस्थितिकी संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिकी संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :--

1. **पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार और सीमा**.- (1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार बदरामा और खलासुनी वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से 7 किलोमीटर से 11 किलोमीटर तक है और पारिस्थितिकी संवेदी जोन का क्षेत्रफल 1413.96 वर्ग किलोमीटर है। पारिस्थितिकी संवेदी जोन के कुल में से, उड़ीसा के संबलपुर जिले में पारिस्थितिकी संवेदी जोन 1052.98 वर्ग किलोमीटर में और देवगढ़ जिले में 360.98 वर्ग किलोमीटर में है।

(2) बदरामा-खलासुनी वन्यजीव अभयारण्य और इसके पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण **उपाबंध-I** में संलग्न है।

(3) अक्षांश और देशांतर के साथ बदरामा-खलासुनी वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र **उपाबंध- IIक, उपाबंध-IIख, उपाबंध- IIग, उपाबंध- IIघ** और **उपाबंध- IIङ** के रुप में संलग्न है।

(4) बदरामा-खलासुनी वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भू-निर्देशांकों की सूची **उपाबंध- III** की सारणी **क** और **ख** में दी गई है।

(5) प्रमुख बिंदुओं के भू-निर्देशांक के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अधीन आने वाले ग्रामों की सूची **उपाबंध IV** के रूप में संलग्न है।

2. पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना.–(1) राज्य सरकार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए, राजपत्र में अंतिम अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए, राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनार्थ, एक आंचलिक महायोजना बनाएगी।

(2) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना राज्य सरकार द्वारा इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट रीति से तथा प्रासंगिक केंद्रीय और राज्य विधियों के अनुरूप तथा केंद्रीय सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों, यदि कोई हों, के अनुसार बनायी जाएगी ।

(3) आंचलिक महायोजना में पारिस्थितिकी और पर्यावरण संबंधी सरोकारों को सम्मिलित करने के लिए इसे राज्य सरकार के निम्नलिखित विभागों के परामर्श से बनाया जाएगा, अर्थात्:-

(i) पर्यावरण;

(ii) वन और वन्यजीव;

(iii) कृषि;

(iv) राजस्व;

(v) शहरी विकास;

(vi) पर्यटन;

(vii) ग्रामीण विकास;

(viii) सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण;

(ix) नगरपालिका;

(x) पंचायती राज; और

(xi) लोक निर्माण विभाग।

(4) जब तक इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, आंचलिक महायोजना में वर्तमान में अनुमोदित भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा तथा आचंलिक महायोजना में सभी अवसंरचनाओं और क्रियाकलापों में सुधार करके उन्हे अधिक दक्ष और पारिस्थितिकी-अनुकूल बनाने की व्यवस्था की जाएगी।

(5) आंचलिक महायोजना में वनरहित और अवक्रमित क्षेत्रों के सुधार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भू-जल के प्रबंधन, मृदा और नमी के संरक्षण, स्थानीय जनता की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण के ऐसे अन्य पहलुओं की व्यवस्था की जाएगी जिन पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है।

(6) आंचलिक महायोजना में सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों एवं शहरी बस्तियों, वनों की श्रेणियों एवं किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, उद्यानों एवं उद्यानों की तरह के हरित क्षेत्रों, बागवानी क्षेत्रों, बगीचों, झीलों और अन्य जल निकायों की सीमा का निर्धारण किया जाएगा तथा सहायक मानचित्र भी दिया जाएगा और इस महायोजना में विद्यमान और प्रस्तावित भू- उपयोग की विशेषताओं का ब्यौरा देने वाले मानचित्र भी दिए जाएंगे।

(7) आंचलिक महायोजना में पारिस्थितिकी संवेदी जोन में होने वाले विकास का विनियमन किया जाएगा और सारणी में यथासूचीबद्ध प्रतिषिद्ध एवं विनियमित क्रियाकलापों का पालन किया जाएगा। इसमें स्थानीय जनता की आजीविका की सुरक्षा के लिए पारिस्थितिकी-अनुकूल विकास का भी सुनिश्चय एवं संवर्धन किया जाएगा।

(8) आंचलिक महायोजना, क्षेत्रीय विकास योजना की सह-कालिक होगी ।

(9) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन में विकास को विनियमित किया जाएगा ताकि स्थानीय समुदायों की आजीविका सुरक्षा के लिए, पारिस्थितिकी अनुकूल विकास सुनिश्चित किया जा सके।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय.-** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:-

(1) **भू-उपयोग.–** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वनों, बागवानी क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, मनोरंजन के लिए चिन्हित उद्यानों और खुले स्थानों का वृहद वाणिज्यिक या आवासीय परिसरों या औद्योगिक क्रियाकलापों के लिए प्रयोग या संपरिवर्तन अनुज्ञात नहीं किया जाएगा:

IndiaCode

परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भाग (क) में विनिर्दिष्ट प्रयोजन से भिन्न प्रयोजन के लिए कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन, मानीटरी समिति की सिफारिश पर और सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से, क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम तथा यथा लागू केन्द्रीय या राज्य सरकार के अन्य नियमों एवं विनियमों के अधीन तथा इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा:

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना और नई सड़कों का संनिर्माण करना;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योग जिसके अंतर्गत ग्राम उद्योग; पारिस्थितिकी पर्यटन में सहायक सुविधा भण्डार, स्थानीय सुविधाएं तथा ग्रह वास है; और

(v) बढ़ावा दिए गए और पैरा-4 में उल्लिखित क्रियाकलाप।

परंतु यह भी कि क्षेत्रीय शहरी नियोजन अधिनियम के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के बिना तथा राज्य सरकार के अन्य नियमों और विनियमों तथा संविधान के अनुच्छेद 244 के उपबंधों तथा तत्समय प्रवृत्त विधि, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी आता है, का अनुपालन किए बिना वाणिज्यिक या औद्योगिक विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का प्रयोग अनुज्ञात नहीं होगा:

परंतु यह भी कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अधीन आने वाली भूमि के अभिलेखों में हुई किसी त्रुटि को, मानीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात्, राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार सुधारा जाएगा और उक्त त्रुटि को सुधारने की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दी जाएगी :

परंतु यह भी कि त्रुटि को सुधारने में, इस उप-पैरा में यथा उपबंधित के सिवाय, किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा ।

(ख) अनुप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण तथा पर्यावासों और जैव- विविधता की बहाली के प्रयास किए जाएंगे ।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोत.**- आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक जल स्रोतों के आवाह क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और नवीकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी और राज्य सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्रों पर या उनके निकट विकास क्रियाकलाप प्रतिषिद्ध करने के लिए ऐसी रीति से मार्गनिर्देश तैयार किए जाएंगे ।

(3) **पर्यटन अथवा पारिस्थितिकी पर्यटन.–** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर सभी नए पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पारिस्थितिकी संवेदी जोन सम्बंधी पर्यटन महायोजना के अनुसार अनुज्ञात होगा ।

(ख) पारिस्थितिकी पर्यटन महायोजना राज्य सरकार के पर्यावरण और वन विभागों के परामर्श से राज्य पर्यटन विभाग द्वारा बनायी जाएगी ।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना का घटक होगी।

(घ) पर्यटन महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन की वहन क्षमता के आधार पर तैयार की जायेगी।

(ङ) पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नानुसार विनियमित किए जाएंगे:-

(i) वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, किसी होटल या रिसोर्ट का नया सन्निर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।

परन्तु, पारिस्थितिकी पर्यटन सुविधाओं के लिए वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक पूर्व परिभाषित और अभीहित क्षेत्रों में पर्यटन महायोजना के अनुसार, नए होटलों और रिसोर्ट की स्थापना अनुज्ञात होगी।

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अन्दर सभी नए पर्यटन क्रिया कलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों-का विस्तार, केन्द्रीय सरकार के पर्यावरणवन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों तथा , पारिस्थितिकी पर्यटन ,पारिस्थितिकीविकास-शिक्षा और पारिस्थितिकी- पर बल देने वाले राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण द्वारा जारी पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी दिशानिर्देशों के (शोधितसमय पर यथा सं-समय) अनुसार होगा;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा मानीटरी समिति की सिफारिश पर सम्बद्ध विनियामक प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा और किसी नए होटल/रिर्सोट या वाणिज्यिक स्थापनों के संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।

(4) **प्राकृतिक विरासत.–** पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अधीन आने वाले बहुमूल्य प्राकृतिक विरासत के सभी स्थलों जैसे कि जीन पूल रिजर्व क्षेत्र, शैल संरचना, जल प्रपात, झरने, दर्रे, उपवन, गुफाएं, स्थल, वनपथ, रोहण मार्ग, उत्प्रपात आदि की पहचान की जाएगी और उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में एक विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, कलाकृति-क्षेत्रों तथा ऐतिहासिक, स्थापत्य संबधी, सौंदर्यात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण के लिए आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में एक विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी।

(6) **ध्वनि प्रदूषण**.- ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 में नियत उपबंधों के अनुसरण में पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के लिए विनियमों और उसके अधीन बनाए गए संशोधित नियमों को कार्यान्वित करेगा।

(7) **वायु प्रदूषण**.- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वायु प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण, वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) के उपबंधों और उसके अधीन बनाए गए नियमों और उनमें किए गए संशोधनों के अनुसार किया जाएगा।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण.**- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण, और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन सम्मिलित किए गए पर्यावरणीय प्रदूषण के निस्सारण संबंधी साधारण मानकों या राज्य सरकार द्वारा नियत मानकों, इनमें जो भी अधिक कठोर हों, के अनुसार किया जाएगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट.-** ठोस अपशिष्ट का निपटान एवं प्रबन्धन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबंधन भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ), तारीख 8 अप्रैल, 2016 के तहत प्रकाशित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा; अकार्बनिक पदार्थो का निपटान पारिस्थितिकी संवेदी जोन से बाहर चिन्हित किए गए स्थानों पर पर्यावरण-अनुकूल रीति से किया जाएगा;

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों (ई एस एम) का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जाएगा।

(10) **जैव चिकित्सा अपशिष्ट**.- जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.सा.का.नि 343 (अ), तारीख 28 मार्च, 2016 के तहत प्रकाशित जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा;

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जाएगा।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 के तहत प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधो के अनुसार किया जाएगा।

(12) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 के तहत प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(13) **ई–अपशिष्ट.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित तथा समय-समय पर यथा संशोधित ई–अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **यानीय परिवहन.-** वाहन-यातायात का संचलन आवास-अनुकूल तरीके से विनियमित किया जाएगा और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध सम्मिलित किए जाएंगे तथा आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित किए जाने तक, मानीटरी समिति प्रासंगिक अधिनियमों और उनके तहत बनाए गए नियमों एवं विनियमों के अनुसार वाहनों की आवाजाही के अनुपालन की मानीटरी करेगी।

(15) **वाहन जनित प्रदूषण.-** वाहन जनित प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण लागू विधियों के अनुसार किया जाएगा और स्वच्छतर ईंधन के प्रयोग के प्रयास किए जाएंगे ।

(16) **औद्योगिक ईकाइयां.-** (i) सरकारी राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख को या उसके बाद पारिस्थितिकी संवेदी जोन में किसी नए प्रदूषणकारी उद्योग की स्थापना अनुज्ञात नहीं होगी।

(ii) जब तक इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, पारिस्थितिकी संवेदी जोन में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी दिशानिर्देशों में किए गए उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार केवल गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना अनुज्ञात होगी। इसके अतिरिक्त, गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा।

(17) **पहाड़ी ढलानों का संरक्षण. -** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) आंचलिक महायोजना में पहाड़ी ढलानों के उन क्षेत्रों को दर्शाया जाएगा जिनमें किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी ।

(ख) जिन ढलानों या विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों में अत्यधिक भू-क्षरण होता है उनमें किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी ।

4. पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध या विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, और तटीय विनियमन जोन अधिसूचना, 2011 एवं पर्यावरणीय प्रभाव आकलन अधिसूचना, 2006 सहित उसके अधीन बने नियमों और वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 का 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 का 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53) सहित अन्य लागू नियमों तथा उनमें किए गए संशोधनों के अनुसार शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति से विनियमित होंगे, अर्थात्:-

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	टिप्पणी
(1)	(2)	(3)
	क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर उत्खनन और अपघर्षण इकाईयां ।	(क) सभी प्रकार के नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनको तोड़ने की इकाइयां वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं जिसमें निजी उपयोग के लिए मकानों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना और

(1)	(2)	(3)
		मकान बनाने के लिए देशी टाइल्स या ईंटों का निर्माण करना भी सम्मिलित है, के सिवाय नहीं होंगी । (ख) खनन प्रचालन, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत संघ के मामले में आदेश तारीख 4 अगस्त, 2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत संघ के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के आदेश के अनुसरण में प्रचालन होगा ।
2.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में नई आरा मिलों की स्थापना और विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
3.	किसी परिसंकटमय पदार्थ का प्रयोग या उत्पादन ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
4.	प्रदूषण (जल, वायु, मृदा, ध्वनि आदि) उत्पन्न करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में कोई नया उद्योग लगाने और वर्तमान प्रदूषणकारी उद्योगों का विस्तार करने की अनुज्ञा नहीं होगी: परन्तु इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, पारिस्थितिकी संवेदी जोन में फरवरी, 2016 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशानिर्देशों में किए गए उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार केवल गैर- प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना होगी। इसके अतिरिक्त, गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन दिया जाएगा।
5.	बृहत जल विद्युत परियोजना की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
6.	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
7.	प्राकृतिक जल निकायों या भूमि क्षेत्र में अनुपचारित बहिस्रावों का निस्सारण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
8.	ईंट भट्टों की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
		विनियमित क्रियाकलाप
9.	होटलों और रिजॉर्टों की वाणिज्यिक स्थापना ।	पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलापों हेतु लघु अस्थायी संरचनाओं के निर्माण के सिवाय, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, नए वाणिज्यिक होटलों और रिसोर्टों की स्थापना अनुज्ञात नहीं होगी: परंतु, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर बाहर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, सभी नए पर्यटन क्रियाकलाप करने या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार पर्यटन महायोजना और लागू दिशानिर्देशों के अनुसार होगा।
10.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, किसी भी नये वाणिज्यिक संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी:

(1)	(2)	(3)
		परंतु स्थानीय लोगों को अपनी आवास सम्बन्धी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, पैरा 3 के उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित अपने प्रयोग के लिए, भवन उप-विधियों के अनुसार, संनिर्माण करने की अनुज्ञा होगी : परन्तु गैर–प्रदूषणकारी लघु उद्योगों से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से विनियमित किए जाएंगे और वे न्यूनतम होंगे । (ख) एक किलोमीटर से आगे ये आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित होंगे ।
11.	प्राकृतिक जल निकायों या भू क्षेत्र में उपचारित अपशिष्ट जल या बहिर्स्राव का निस्सारण ।	जल निकायों में उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव के निस्सारण से बचा जाएगा। उपचारित अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण और पुन:उपयोग के प्रयास किए जाएंगे अन्यथा उपचारित अपशिष्ट जल बहिर्स्राव का निस्सारण लागू विधियों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।
12.	वायु एवं वाहन जनित प्रदूषण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
13.	पर्यटन से संबंधित अन्य क्रियाकलाप जैसे कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से गर्म वायु के गुब्बारे, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइट्स उडाना आदि।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
14.	फर्मों, कारपोरेट, कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुधन संपदा और कुक्कुट फार्मों की स्थापना ।	स्थानीय जनता के प्रयोग के लिए लागू विधियों (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) के अधीन अनुज्ञात होगा ।
15.	नागरिक सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचे की व्यवस्था।	यह व्यवस्था लागू विधियों, नियमों, विनियमों और मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार उपशमन उपायों के साथ की जाएगी।
16.	पॉलीथिन बैग का उपयोग।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अन्तर्गत पॉलीथिन बैग के उपयोग की अनुमति है: परन्तु, विशिष्ट आवश्यकता के आधार पर यह लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
17.	विदेशी प्रजातियों का परिचय।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
18.	सतही और भूजल का वाणिज्यिक प्रयोग एवं निष्कर्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
19.	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन या सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर वृक्षों की कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई, संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार विनियमित होगी । (ग) आरक्षित वन और संरक्षित वन की दशा में कार्य योजना का अनुपालन किया जाएगा।
20.	विद्युत और संचार टॉवर लगाने,	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा । (भूमिगत केबल बिछाने को

India.gov.in

(1)	(2)	(3)
	तार-बिछाने तथा अन्य बुनियादी ढांचे की व्यवस्था ।	बढ़ावा दिया जाएगा)।
21.	जैव अपशिष्ट सामाग्री का पुनचक्रण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
22.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ बनाना और नई सड़कों का निर्माण करना।	यह व्यवस्था लागू विधियों, नियमों, विनियमों और मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार उपशमन उपायों के साथ की जाएगी।
23.	होटलों और लॉज के विद्यमान परिसरों में बाड़ लगाना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे । पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर वन्यजीवों की अबाध आवाजाही को अनुज्ञात करने के लिए होटलों या अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को कांटेदार तारों की बाड़ से नहीं घेरा जाएगा और संपत्तियों की बाड़ एक मीटर से अधिक ऊंची नहीं होगी। इस शर्त का अनुपालन न करने वाली विद्यमान बाड को आंचलिक महायोजना में उल्लिखित समय सीमा के अनुसार बदला जाएगा ।
24.	कृषि प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
25.	रात्रि में सड़क यातायात का संचलन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
26.	वाणिज्यिक संकेत बोर्ड और होर्डिंग का प्रयोग।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
27.	गैर प्रदूषणकारी लघु उद्योग।	फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग तथा अपरिसंकटमय लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, बागबानी या कृषि आधारित उद्योग, जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन से देशी सामग्रियों से उत्पाद बनाते हैं, सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होंगे।
28.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रह ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
29.	ट्रेकिंग और कैम्पिंग।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
30.	पहाड़ी ढलानों और नदी तटों का संरक्षण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
31.	ठोस अपशिष्ट का प्रबंधन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
32.	पारिस्थितिकी पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
		संवर्धित क्रियाकलाप
33.	स्थानीय समुदायों द्वारा अपनायी जा रही वर्तमान कृषि और बागवानी पद्धतियों के साथ डेयरियां, दुग्ध उत्पादन, जल कृषि और मत्स्य पालन।	स्थानीय जनता के प्रयोग के लिए लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होंगे।
34.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
35.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी का अंगीकरण ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
36.	ग्रामीण कारीगरी सहित कुटीर उद्योग।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

(1)	(2)	(3)
37.	वर्षा जल संचयन ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
38.	नवीकरणीय ऊर्जा और ईंधन का प्रयोग ।	बायोगैस, सौर प्रकाश इत्यादि को सक्रिय बढ़ावा दिया जाएगा।
39.	बागान और अन्य वानिकी गतिविधियां ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
40.	कृषि वानिकी ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
41.	कौशल विकास ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
42.	पर्यावरण के प्रति जागरुकता।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
43.	अवक्रमित भूमि/वनों/ पर्यावासों की बहाली ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

5. पारिस्थितिकी संवेदी जोन की अधिसूचना की मानीटरी के लिए मानीटरी समिति .- केंद्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 3 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, पारिस्थितिकी संवेदी जोन की प्रभावी मानीटरी के लिए निम्नलिखित को सम्मिलित करके एक मानीटरी समिति गठित करती है:-

क्र. सं.	मानीटरी समिति का गठन	पद
(i)	जिलाधीश, संबलपुर	अध्यक्ष, पदेन;
(ii)	विरासत संरक्षण सहित पर्यावरण के क्षेत्र में सक्रिय गैर-सरकारी संगठनों का एक प्रतिनिधि, जिसे केन्द्रीय सरकार द्वारा नामित किया जायेगा	सदस्य;
(iii)	उड़ीसा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का प्रतिनिधि	सदस्य;
(iv)	जिलाधीश, देवगढ़ का प्रतिनिधि	सदस्य;
(v)	पुलिस अधीक्षक, संबलपुर	सदस्य;
(vi)	राज्य सरकार द्वारा नामित जैव विविधता में एक विशेषज्ञ	सदस्य;
(vii)	राज्य के प्रतिष्ठित संस्थान या विश्वविद्यालय से पारिस्थितिकी में एक विशेषज्ञ	सदस्य;
(viii)	पुलिस अधीक्षक, देवगढ़ का प्रतिनिधि	सदस्य;
(ix)	वन मंडल अधिकारी रायरखोल	सदस्य;
(x)	वन मंडल अधिकारी, संबलपुर (दक्षिण)	सदस्य;
(xi)	वन मंडल अधिकारी-सह-वन्यजीव वार्डन, बामरा वन्यजीव मंडल	सदस्य- सचिव।

6. निर्देश-निबंधन.- (1) मानीटरी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को मानीटरी करेगी।

(2) मानीटरी समिति का कार्यकाल तीन वर्ष तक या राज्य सरकार द्वारा नई समिति का पुनर्गठन किए जाने तक होगा और इसके बाद मानीटरी समिति राज्य सरकार द्वारा गठित की जाएगी।

(3) ऐसे क्रियाकलापों की, जो भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में सम्मिलित हैं, और जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, सिवाय इसके पैरा 4 के अधीन सारिणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के, मानीटरी समिति द्वारा वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं के आधार पर संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण अनापत्ति के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(4) इसके पैरा 4 के अधीन सारिणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की

वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकारियो को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

(5) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध उपायुक्त या संबंधित उपायुक्त ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण अधिनियम, की धारा 19 के अधीन परिवाद दायर करने के लिए सक्षम होगा।

(6) मानीटरी समिति संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संघों के प्रतिनिधियों या संबंधित पक्षों को, प्रत्येक मामले मे आवश्यकता के अनुसार, अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(7) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष 31 मार्च की स्थिति के अनुसार अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को, **उपाबंध V** में दिए गए प्रपत्र के अनुसार, उस वर्ष की 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मानीटरी समिति को उसके कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए ऐसे निदेश दे सकेगा जो वह उचित समझे ।

7. इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार, अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगी ।

8. इस अधिसूचना के उपबंध भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा पारित किए गए या पारित किए जाने वाले आदेश, यदि कोई हो, के अध्यधीन होंगे ।

[फा. सं. 25/22/2017-ईएसजेड]

डॉ. सतीश चन्द्र गढ़कोटी, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध-I


उड़ीसा में बदरामा और खलासुनी वन्यजीव अभयारण्ययों के पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए सीमा विवरण

सीमा ग्राम सड़क के दक्षिण दिशा में अखाडाडंडा के निकट संभागीय सीमा रेखा से आरंभ होती है इसके बाद नाला के दक्षिण-पश्चिम दिशा की ओर मुड़ती है, इसके बाद यह झंकरपली से तंगरपली सड़क की ओर जाती है। इसके बाद यह यह थीरुपली की ओर मुड़ती है और उसके बाद गरपति रिज़र्व वन की पहाड़ी के साथ दक्षिण की ओर जाती है और सुकुपारा के निकट सड़क से मिलती है। इसके बाद यह तबरोबहल, पंडरीपली के दक्षिण की ओर जाती है और गौपारा के निकट सड़क से मिलती है। इसके बाद यह नौमुरा के सड़क के साथ जाती है। निकटतम एक किलोमीटर की दूरी के बाद पूर्व की ओर यह करलाबहल, भीखम्पुर, पीपलीपली के नाला द्वारा आड़े-तिरछे ढंग में दक्षिण की ओर जाती है और मुदकीनाला से मिलती है। इसके बाद यह गिरिपली के सड़क के साथ जाती है और दुमलपडर के मलतीजोरेनाला से मिलती है। इसके बाद यह बहम सड़क के द्वारा खलीयापली की ओर जाती है। पूर्व की ओर ½ किलोमीटर की दूरी के बाद यह कदलीमुंडा, झरझरी, पेटूपली के सड़क के साथ दक्षिण की ओर जाती है और इसके बाद भूतरीजोरेनाला के साथ जाती है और मुदनल के निकट चरबहलखमन की आंतरिक सीमा रेखा से मिलती है। इसके बाद यह मरुनगाबहल के दक्षिण दिशा में चरबहलखमन रिज़र्व वन की सीमा रेखा के साथ जाती है। इसके बाद यह एक किलोमीटर पूर्व की ओर जाती है और इसके बाद नाला के साथ जाती है और लांदाकोट रिज़र्व वन की सीमा रेखा को पार करके और नौगांव के गरियाखमन- नौगांव सड़क से मिलती है। नौगांव से यह दक्षिण की ओर जाती है और सड़क से मिलती है और बदबहल के फुलकुसुम के सड़क के साथ जाती है। इसके बाद घोददियन के सराह पहुँचती है। इसके बाद यह खोलगढ़ रिज़र्व वन की पहाड़ी के दक्षिण की ओर जाती है। ½ किलोमीटर घुमाव के बाद यह उत्तर की ओर जाती है और इसके बाद खोलगढ़ रिज़र्व वन की श्रेणियों के साथ जाती है और कमसीपली के निकट सीमा रेखा से मिलती है। इसके बाद यह चम्पलीनाला के साथ जाती है और इसके बाद पक्की सड़क के उत्तर-पूर्व दिशा की ओर सड़क के साथ जाती है। इसके बाद यह नाला के लंदीमल रिज़र्व वन की सीमा रेखा के साथ मुड़ती है और इसके बाद उत्तर दिशा में नाला के साथ कालापट पर्वत को पार करके जाती है। उसके बाद यह ½ किलोमीटर के उत्तर की ओर जाती है और इसके बाद नाला द्वारा मनकुंडा के पूर्व की ओर जाती है इसके बाद मुशाकानी के सड़क के साथ जाती है। इसके बाद यह उत्तर-पूर्व दिशा की ओर जाती है और तिकरानाला से मिलती है और इसके बाद तिकरानाला के पसोनली जाती है। इसके बाद यह निशाबीरा, पुरमुंडा के नाला के साथ नदियापहड़ को पार करके तीलियपोशी के पूर्व की ओर जाती है और सड़क से मिलती है और 1½ किलोमीटर जाती है और इसके बाद पतरापली, रेनगलबहल, बबराकोट, तीमुर के ग्राम सड़क के साथ जाती है और इसके बाद 3 किलोमीटर के रामपली की ओर जाती है और कंसर रिज़र्व वन को पार करके और इसके बाद नाला के साथ रंगमतिया की ओर जाती है और इसके बाद जूनानी के पश्चिम की ओर जाती है। इसके बाद यह चनगूरिया के मलीचौन के ग्राम सड़क के साथ जाती है। इसके बाद यह सबरपली जाती है और गोहीरानाला से मिलती है और अमघाट के नाला के साथ जाती है। इसके बाद

यह बरघाट, भंडारीमल, कनकरिया के कैनल के साथ जाती है और बी एम 278.1 में राष्ट्रीय राजमार्ग-53 को पार करके और श्रेणियों के साथ परावासुनी रिज़र्व वन को पार करके और देवगढ़ से 26.0 किलोमीटर की दूरी में कूचींदा-देवगढ़ सड़क पहुँचती है। इसके बाद यह धूदीखोल के सड़क के साथ जाती है। इसके बाद यह तंगरानी के श्रेणियों के साथ परौभरी पर्वत के उत्तर दिशा में जाती है और जमनकीरा भोजपुर सड़क से मिल जाती है। इसके बाद यह मातामहूल की ओर सड़क के साथ मुड़ती है और इसके बाद पश्चिम दिशा में नौदीही जाती है। इसके बाद यह सड़क के द्वारा सीहीरिया के उत्तर दिशा में जाती है और लामरा पीआरएफ की सीमा रेखा से मिलती है और इसके बाद धूदीपली के सड़क के साथ जाती है। इसके बाद भोईपली पीआरएफ की सीमा रेखा के साथ जाती है और बीजागुडा के निकट संखाभनगेन्नडी को पार करके जाती है और सरबे के दल्की के सड़क के साथ जाती है। दल्की से यह बींजीपली रिज़र्व वन की सीमा रेखा के वन सड़क के साथ जाती है इसके बाद अखाडाडंडा और आरंभिक बिंदु से मिलती है।


उपाबंध-IIक

मुख्य अवस्थानों के अक्षांश और देशांतर के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन के बदरामा और खलासुनी वन्यजीव अभयारण्यों का मानचित्र




उपाबंध-IIख

अभयारण्यों से दूरी दर्शाने वाली बदरामा और खलासुनी वन्यजीव अभयारण्यों के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र




उपाबंध-IIग

मुख्य अवस्थानों के अक्षांश और देशांतर के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन के बदरामा और खलासुनी वन्यजीव अभयारण्यों का मानचित्र




उपाबंध-IIघ

मुख्य अवस्थानों के अक्षांश और देशांतर के साथ भारतीय सर्वेक्षण (एस ओ आई) की टोपोशीट पर बदरामा और खलासुनी वन्यजीव अभयारण्यों के पारिस्थितिकी संवेदी का मानचित्र



उपाबंध-IIङ

मुख्य अवस्थानों के अक्षांश और देशांतर के साथ बदरामा और खलासुनी वन्यजीव अभयारण्यों के पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत ग्रामों के अवस्थान को दर्शाने वाला मानचित्र



उपाबंध-III

सारणी क: बदरामा और खलासुनी वन्यजीव अभयारण्यों के मुख्य अवस्थानों के भू-निर्देशांक

आई डी	अक्षांश	देशांतर
1.	21°19' 2.816" उ	84°32'28.359" पू
2.	21°18' 54.604" उ	84°31'10.917" पू
3.	21°18' 47.500" उ	84°29' 58.984" पू
4.	21°19' 8.288" उ	84°28' 47.355" पू
5.	21°19' 29.097" उ	84°27' 37.183" पू
6.	21°20' 2.774" उ	84°26' 26.406" पू
7.	21°20' 18.286" उ	84°25' 9.442" पू
8.	21°20' 46.690" उ	84°23' 57.746" पू
9.	21°21' 18.568" उ	84°22' 46.757" पू
10.	21°21' 57.087" उ	84°21' 41.164" पू
11.	21°22' 18.594" उ	84°20' 33.025" पू
12.	21°23' 1.050" उ	84°19' 28.326" पू
13.	21°24' 9.743" उ	84°19' 24.867" पू
14.	21°24' 17.229" उ	84°20' 7.335" पू
15.	21°23' 26.228" उ	84°21' 6.320" पू
16.	21°22' 40.915" उ	84°22' 9.293" पू
17.	21°22' 39.657" उ	84°23'20.175" पू
18.	21°22' 55.587" उ	84°24'37.181" पू
19.	21°23' 14.932" उ	84°25'50.251" पू
20.	21°23' 38.060" उ	84°27'3.202" पू
21.	21°23' 42.138" उ	84°28'20.907" पू
22.	21°23' 16.460" उ	84°29'22.305" पू
23.	21°22' 11.430" उ	84°29'10.304" पू
24.	21°22' 13.491" उ	84°30'8.072" पू
25.	21°22' 26.451" उ	84°30'47.382" पू
26.	21°22' 56.020" उ	84°31'49.017" पू
27.	21° 22' 16.725" उ	84° 32' 37.680" पू
28.	21° 21' 9.992" उ	84° 32' 59.385" पू
29.	21° 20' 4.513" उ	84° 33' 7.562" पू
30.	21° 19' 2.8716" उ	84° 32' 28.359" पू
31.	21° 23' 35.510" उ	84° 28' 43.855" पू

32.	21° 23' 10.881" उ	84° 25' 40.877" पू
33.	21° 22' 28.438" उ	84° 22' 41.476" पू
34.	21° 24' 16.690" उ	84° 20' 8.230" पू
35.	21° 22' 40.587" उ	84° 19' 45.173" पू
36.	21° 21' 37.326" उ	84° 19' 37.865" पू
37.	21° 23' 25.815" उ	84° 17' 29.094" पू
38.	21° 25' 56.282" उ	84° 15' 56.822" पू
39.	21° 27' 26.829" उ	84° 14' 10.936" पू
40.	21° 26' 48.492" उ	84° 15' 36.755" पू
41.	21° 28' 11.672" उ	84° 14' 32.705" पू
42.	21° 29' 15.429" उ	84° 13' 26.720" पू
43.	21° 31' 27.517" उ	84° 13' 7.2929" पू
44.	21° 32' 52.776" उ	84° 13' 24.400" पू
45.	21° 33' 25.076" उ	84° 13' 22.337" पू
46.	21° 31' 32.959" उ	84° 14' 30.823" पू
47.	21° 32' 43.714" उ	84° 15' 29.344" पू
48.	21° 34' 16.199" उ	84° 14' 58.440" पू
49.	21° 33' 18.306" उ	84° 16' 23.125" पू
50.	21° 33' 2.186" उ	84° 17' 33.854" पू
51.	21° 34' 28.265" उ	84° 17' 14.841" पू
52.	21° 33' 26.316" उ	84° 18' 43.918" पू
53.	21° 31' 4.071" उ	84° 19' 37.357" पू
54.	21° 31' 20.734" उ	84° 21' 58.322" पू
55.	21° 30' 49.838" उ	84° 23' 53.409" पू
56.	21° 30' 28.881" उ	84° 26' 1.608" पू
57.	21° 29' 5.990" उ	84° 25' 20.100" पू
58.	21° 27' 18.328" उ	84° 26' 12.728" पू
59.	21° 25' 49.639" उ	84° 27' 42.365" पू
60.	21° 23' 38.510" उ	84° 28' 43.855" पू

IndiaCode

सारणी ख: पारिस्थितिकी संवेदी जोन के मुख्य अवस्थानों के भू-निर्देशांक

आई डी	अक्षांश	देशांतर
1.	21° 38' 29.885" उ	84° 8' 47.078" पू
2.	21° 38' 20.464" उ	84° 9' 52.716" पू
3.	21° 39' 2.680" उ	84° 10' 44.886" पू
4.	21° 39' 45.949" उ	84° 11' 8.516" पू
5.	21° 39' 30.672" उ	84° 12' 5.316" पू
6.	21° 40' 6.145" उ	84° 12' 56.210" पू
7.	21° 39' 53.800" उ	84° 14' 0.209" पू
8.	21° 39' 58.961" उ	84° 14' 58.469" पू
9.	21° 40' 15.323" उ	84° 16' 1.415" पू
10.	21° 40' 35.309" उ	84° 16' 45.819" पू
11.	21° 39' 52.844" उ	84° 17' 30.699" पू
12.	21° 39' 59.080" उ	84° 18' 19.264" पू
13.	21° 39' 53.891" उ	84° 19' 19.105" पू
14.	21° 39' 39.147" उ	84° 20' 19.967" पू
15.	21° 39' 16.675" उ	84° 21' 22.466" पू
16.	21° 39' 4.195" उ	84° 22' 30.196" पू
17.	21° 37' 58.676" उ	84° 22' 51.776" पू
18.	21° 38' 1.731" उ	84° 23' 53.279" पू
19.	21° 37' 5.760" उ	84° 24' 14.111" पू
20.	21° 36' 54.287" उ	84° 25' 21.440" पू
21.	21° 36' 45.481" उ	84° 26' 28.302" पू
22.	21° 36' 20.020" उ	84° 27' 22.643" पू
23.	21° 35' 58.127" उ	84° 28' 28.248" पू
24.	21° 35' 14.147" उ	84° 29' 22.084" पू
25.	21° 34' 32.983" उ	84° 30' 9.753" पू
26.	21° 34' 22.714" उ	84° 30' 59.284" पू
27.	21° 33' 45.312" उ	84° 31' 57.703" पू
28.	21° 32' 51.373" उ	84° 32' 36.071" पू
29.	21° 31' 48.415" उ	84° 32' 24.317" पू
30.	21° 30' 45.951" उ	84° 31' 58.002" पू
31.	21° 30' 22.453" उ	84° 32' 59.363" पू
32.	21° 29' 50.355" उ	84° 33' 53.136" पू

India Code

33.	21° 28' 45.464" उ	84° 33' 44.270" पू
34.	21° 27' 59.874" उ	84° 33' 47.522" पू
35.	21° 27' 8.363" उ	84° 34' 28.136" पू
36.	21° 26' 33.138" उ	84° 35' 24.782" पू
37.	21° 26' 0.108" उ	84° 36' 21.768" पू
38.	21° 25' 31.171" उ	84° 37' 23.047" पू
39.	21° 24' 34.405" उ	84° 37' 49.144" पू
40.	21° 24' 12.023" उ	84° 38' 5.598" पू
41.	21° 23' 11.721" उ	84° 38' 23.470" पू
42.	21° 22' 12.873" उ	84° 38' 26.062" पू
43.	21° 21' 6.770" उ	84° 38' 36.516" पू
44.	21° 20' 10.911" उ	84° 39' 10.696" पू
45.	21° 19' 17.160" उ	84° 39' 2.685" पू
46.	21° 18' 25.898" उ	84° 38' 28.420" पू
47.	21° 17' 22.118" उ	84° 38' 19.675" पू
48.	21° 16' 18.261" उ	84° 37' 49.939" पू
49.	21° 15' 10.273" उ	84° 37' 59.183" पू
50.	21° 14' 58.117" उ	84° 37' 24.503" पू
51.	21°15' 15.532" उ	84° 36' 39.499" पू
52.	21° 14' 32.035" उ	84° 35' 50.147" पू
53.	21° 14' 39.224" उ	84° 34' 48.230" पू
54.	21° 14' 37.307" उ	84° 33' 47.532" पू
55.	21° 14' 18.030" उ	84° 32' 41.867" पू
56.	21° 14' 19.915" उ	84° 31' 40.140" पू
57.	21° 13' 32.314" उ	84° 30' 53.540" पू
58.	21° 13' 36.864" उ	84° 29' 57.573" पू
59.	21° 13' 6.038" उ	84° 28' 57.793" पू
60.	21° 13' 42.405" उ	84° 28' 10.187" पू
61.	21° 14' 48.443" उ	84° 27' 51.188" पू
62.	21° 14' 57.135" उ	84° 26' 43.166" पू
63.	21° 15' 10.298" उ	84° 25' 34.273" पू
64.	21° 14' 54.909" उ	84° 24' 47.320" पू
65.	21° 15' 32.150" उ	84° 24' 32.174" पू
66.	21° 15' 17.308" उ	84° 23' 24.862" पू
67.	21° 15' 22.965" उ	84° 22' 19.533" पू
68.	21° 15' 57.606" उ	84° 21' 28.637" पू

Indiacode

69.	21° 16' 6.219" उ	84° 20' 19.388" पू
70.	21° 16' 21.361" उ	84° 19' 11.044" पू
71.	21° 16' 16.124" उ	84° 18' 3.405" पू
72.	21° 16' 41.386" उ	84° 17' 23.779" पू
73.	21° 17' 8.874" उ	84° 16' 36.863" पू
74.	21° 17' 33.537" उ	84° 15' 35.033" पू
75.	21° 17' 59.986" उ	84° 14' 39.465" पू
76.	21° 19' 5.442" उ	84° 14' 14.017" पू
77.	21° 19' 45.891" उ	84° 13' 21.144" पू
78.	21° 20' 32.037" उ	84° 12' 45.156" पू
79.	21° 20' 54.270" उ	84° 11' 43.800" पू
80.	21° 21' 48.900" उ	84° 11' 3.391" पू
81.	21° 22' 39.640" उ	84° 10' 25.438" पू
82.	21° 23' 27.565" उ	84° 9' 53.730" पू
83.	21° 24' 27.118" उ	84° 9' 45.089" पू
84.	21° 25' 36.804" उ	84° 9' 41.975" पू
85.	21° 26' 22.167" उ	84° 8' 49.941" पू
86.	21° 27' 13.508" उ	84° 8' 20.429" पू
87.	21° 28' 17.751" उ	84° 8' 7.433" पू
88.	21° 28' 22.115" उ	84° 7' 18.300" पू
89.	21° 29' 15.858" उ	84° 6' 53.691" पू
90.	21° 29' 59.216" उ	84° 6' 26.343" पू
91.	21° 30' 53.057" उ	84° 6' 46.583" पू
92.	21° 31' 56.118" उ	84° 7' 9.832" पू
93.	21° 32' 45.436" उ	84° 6' 45.084" पू
94.	21° 33' 40.889" उ	84° 7' 24.084" पू
95.	21° 34' 9.738" उ	84° 6' 54.766" पू
96.	21° 34' 58.755" उ	84° 7' 33.981" पू
97.	21° 35' 56.105" उ	84° 7' 52.100" पू
98.	21° 36' 47.704" उ	84° 8' 26.248" पू
99.	21° 37' 31.702" उ	84° 8' 34.022" पू
100.	21° 38' 29.885" उ	84° 8' 47.078" पू

India Code

उपाबंध-IV

भू-निर्देशांकों के साथ बदरामा और खलासुनी वन्यजीव अभयारण्यों के पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले राजस्व ग्रामों की सूची

जिला का नाम	तहसील का नाम	क्र. सं.	राजस्व ग्राम के नाम	अक्षांश	देशांतर
समबलपुर	**रेनगाली**	1	कुदईपली	21° 33'44.49" उ	84° 09' 36.37" पू
		2	नैकपाडा	21° 34' 11.69" उ	84° 08' 0.82" पू
		3	तमप्रकेला	21° 52' 39.92" उ	84° 41' 14.07" पू
		4	खाकसदेरा	21° 36' 33.4" उ	84° 09' 37.8" पू
